# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com


**वाराणसी विकास प्राधिकरण से सम्बन्धित दिनांक 21.11.2024 को वाराणसी शहर में प्रकाशित न्यूज पेपर ",दैनिक जागरण, अमर उजाला, आज, राष्ट्रीय सहारा, हिन्दुस्तान, ज्ञानशिखा टाइम्स, जागरूक एक्सप्रेस, जनसंदेश टाइम्स, परफेक्ट मिशन,दैनिक मान्यवर, जनवार्ता ,"समाचार पत्र कटिंग का विवरण।**

## दैनिक जागरण–दि0 21.11.2024

### वीडीए दफ्तर में लगाए जाएंगे 45 और सीसीटीवी कैमरे

जागरण संवाददाता, वाराणसी : वाराणसी विकास प्राधिकरण में भ्रष्टाचार में संलिप्त कुछ अधिकारियों और कर्मचारियों पर नजर रखने के लिए वीडीए और जोन कार्यालय में सीसीटीवी कैमरों की संख्या बढ़ाई जाएगी। ये कैमरे 24 घंटे गतिमान रहने के साथ अधिकारियों और कर्मचारियों पर नजर रखेगी। साथ ही उनसे मिलने वाले व्यक्ति कौन है। यदि पीड़ित है तो कोई बात नहीं है। संदिग्ध दिखाई पड़ने पर संबंधित कर्मचारी से पूछताछ की जाएगी। यदि वही व्यक्ति रोज कार्यालय आता है तो उस पर विशेष नजर रखी जाएगी। गतिमान सीसीटीवी कैमरों के अलावा वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग ने 45 और सीसीटीवी कैमरे लगाने का निर्देश दिया है। बुधवार से कैमरे लगाने का काम शुरू हो गया है।

वीडीए सचिव डा. वेद प्रकाश मिश्रा ने बताया कि आम जनमानस की सुरक्षा प्राथमिकता पर है। आने वाले फरियादियों को कोई परेशानी नहीं हो, इस पर विशेष जोर दिया जाता है लेकिन कुछ कर्मचारियों की लापरवाही के चलते विभाग की छवि खराब हुई है लेकिन अब ऐसा नहीं होगा।

**लिपिक की करतूत से विभाग शर्मिंदा, गया जेल**

पीड़ित से नामांतरण के नाम पर पांच हजार रुपये मांगने के आरोप में वीडीए लिपिक रवि कुमार को एंटी करप्शन के हाथों मंगलवार को पकड़े जाने के दूसरे दिन बुधवार को कार्यालय मे सन्नाटा पसरा रहा। अधिकारी से लेकर कर्मचारी लिपिक के करतूत से शर्मिंदा थे। वे सफाई देने के साथ लिपिक को दोषी मान रहे थे। बुधवार को कैंट पुलिस ने लिपिक को जेल भेज दिया। वहीं, कई फरियादी वीडीए कार्यालय पहुंच कर काम के नाम पर पैसा देने की बात अधिकारियों और कर्मचारियों से कहते रहे।

उनके खिलाफ सख्ती से कार्रवाई करने का निर्णय लिया गया है। सुरक्षा व्यवस्था में सुधार के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाया जा रहा है। कार्यालय में करीब 61 कैमरे और जोन कार्यालयों में छह कैमरे लगे हैं। वीडीए मुख्यालय में 30 कैमरे, जोन-2 में पांच, जोन चार में पांच जोन पांच में तीन और सीसीटीवी कैमरे लगाने का निर्णय लिया गया है।

## अमर उजाला–दि0 21.11.2024

### वीडीए में सुरक्षा के लिए लगेंगे 45 नए कैमरे

**वाराणसी।** एंटी करप्शन की कार्रवाई में वीडीए के क्लर्क रविशंकर को पांच हजार रुपये घूस लेते गिरफ्तार के बाद वीडीए की सुरक्षा और बढ़ाने पर विचार किया गया है। वीडीए के कार्यालयों में 45 नए कैमरे लगाए जाएंगे। क्लर्क पर शौचालय वाली गैलरी में पैसा लेने का आरोप लग रहा है। जहां पर कैमरा नहीं था। इसे देखते हुए वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग ने सुरक्षा व्यवस्था में सुधार के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाया है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में वीडीए में 61 कैमरे, जोन कार्यालय में 6 कैमरे लगे हैं। प्राधिकरण मुख्यालय में लगभग 30 कैमरे, जोन-2 में 5 कैमरे, जोन-4 में 05 कैमरे तथा जोन-5 में 03 कैमरे लगाए जाएंगे। ब्यूरो

## अमर उजाला–दि0 21.11.2024

### सात अवर अभियंताओं की हुई तैनाती

वाराणसी। शासन की ओर से वीडीए को 7 अवर अभियंता मिले हैं। वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग ने अलग-अलग जोन में तैनाती कर दी है। इन अवर अभियंताओं को वीडीए की कार्यप्रणाली का प्रशिक्षण दिया गया। इसका मूल्यांकन किया गया। बेहतर प्रदर्शन करने वाली प्रिया अग्रहरी और वर्तिका दुबे की प्रशंसा की। प्रिया को सिकरौल वार्ड, वर्तिका दुबे को सारनाथ वार्ड, रोहित कुमार को कोतवाली वार्ड, राजू कुमार को चौक वार्ड, राकेश कुमार सिंह के साथ सोनू कुमार को भेलूपुर वार्ड, आदर्श निराला को नगवां वार्ड, अशोक कुमार यादव को मुगलसराय वार्ड में तैनात किया गया है। ब्यूरो

## आज–दि0 21.11.2024

### विप्रामें सीसी कैमरोंकी संख्यामें होगी बढ़ोत्तरी

वाराणसी विकास प्राधिकरणमें अब तीसरी आंख और मजबूत की जायेगी। इस सम्बन्धमें उपाध्यक्ष पुलकित गर्गने निर्देश दिया है कि ४५ नये कैमरे विभागके विभिन्न जगहोंपर लगाये जायेंगे, जिसमें प्राधिकरण, जोन कार्यालयमें कुल छह कैमरे लगे हैं और प्राधिकरणके मुख्यालयमें लगभग ३० कैमरे लगे हैं। इसी के तहत जोन-दो में पांच, जोन-चारमें पांच, जोन-पांचमें तीन और लगाये जायेंगे। इसके अलावा संवेदनशील स्थलोंपर सीसी कैमरा चौबीसों घंटे सक्रिय रहेंगे। कैमरोंके अलावा सुरक्षाके अन्य इनपुट जैसे बाल प्रोडक्शन, आपातकालीन सेवाएंकी तुरंत उपलब्धता, अवैध गतिविधियोंपर कड़ी नजर रखना एवं आपात स्थितिमें तत्काल मददकी सुविधा सुनिश्चित की जायेगी। उल्लेखनीय है कि मंगलवारको प्राधिकरण कार्यालयमें घूस लेते हुए कनिष्ठ लिपिकको रंगेहाथ पकड़नेके बाद विप्रा उपाध्यक्षने कड़ा कदम उठाया है। वैसे शुरूमें ६१ कैमरे लगाये गये हैं।

### सात अवर अभियन्ताओंकी हुई नयी तैनाती

विप्रा उपाध्यक्षने बुधवारको प्रशिक्षणमें सफल होनेके बाद सात अवर अभियन्ताओंकी तैनाती की है। जिसमें जोन-एकमें प्रिया अग्रहरि, जोन-दो में वर्तिका दुबे, जोन-तीनमें राजूकुमार, जोन-चारमें सोनूकुमार, जोन-पांचमें अशोक यादवको तैनाती दी गयी है।

# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com


## राष्ट्रीय सहारा–दि0 21.11.2024

### वीडीए ने की सात अभियंताओं की विभिन्न जोनों में तैनाती

वाराणसी। (एसएनबी)। शासन की तरफ से वीडीए में तैनात किये गये सात अवर अभियंताओं में वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग ने दो को प्रशस्ति-पत्र

**वीडीए उपाध्यक्ष ने मूल्यांकन के बाद प्रशस्ति-पत्र भी प्रदान किया**

प्रदान करते हुए सातों अभियंताओं को विभिन्न जोनों में तैनाती प्रदान की। वीडीए में शासन की तरफ से तैनात किये गये सात अवर अभियंताओं को वाराणसी विकास प्राधिकरण की कार्यप्रणाली एवं प्राधिकरण की तरफ से किये जाने वाले कार्यों तथा अधिनियमों, शासनादेशों, भवन एवं निर्माण उपविधियों का प्रशिक्षण प्रदान करते हुए 18 नवम्बर 2024 को उनका मूल्यांकन किया गया। मूल्यांकन में अवर अभियंतागण को प्राप्त अंकों के आधार पर बुधवार को वीडीए उपाध्यक्ष ने प्रिया अग्रहरी एवं वर्तिका दुबे को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सभी सात अवर अभियंताओं को विभिन्न जोन में तैनाती प्रदान की। जोन नम्बर-1 में प्रिया अग्रहरी को सिकरौल वार्ड, जोन नम्बर-2 में वर्तिका दुबे को सारनाथ वार्ड, जोन नम्बर-3 में रोहित कुमार को कोतवाली वार्ड व राजू कुमार को चौक वार्ड जोन नंबर-4 में वरिष्ठ अवर अभियंता राकेश कुमार सिंह के साथ सोनू कुमार अवर अभियंता को भेलूपुर वार्ड, आदर्श निराला को नगवां वार्ड तथा जोन नम्बर-5 में अशोक कुमार यादव को मुगलसराय वार्ड में तैनात किया गया है।





## राष्ट्रीय सहारा–दि0 21.11.2024

### वीडीए ने किया अवैध निर्माण सील

**वाराणसी।** शिवपुर वार्ड के कोइराजपुर, मंगारी मार्ग पर तीन रो हाउस का निर्माण कर फिनिशिंग का कार्य चल रहा था जिसे वीडीए ने बुधवार को सील कर दिया। वीडीए जोन-1 की प्रवर्तन टीम ने सोशल मीडिया पर प्रकाशित विज्ञापन को संज्ञान में लेते हुए शिवपुर वार्ड में विकास वर्मा द्वारा मौजा कोइराजपुर, मंगारी जाने वाले मार्ग पर तीन रो हाउस का निर्माण कर फिनिशिंग का कार्य किए जाने पर उक्त स्थल को सील कर थाना-बड़ागांव की पुलिस अभिरक्षा में सौंप दिया। यह कार्रवाई जोनल अधिकारी सिंह गौरव जयप्रकाश व अवर अभियंता विजय सिंह की मौजूदगी में की गयी।

## राष्ट्रीय सहारा–दि0 21.11.2024

### वीडीए में सुरक्षा को लेकर और लगेंगे 45 कैमरे

**वाराणसी।** वीडीए की तरफ से आम जनमानस की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए सुरक्षा व्यवस्था में सुधार के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाया जा रहा है। उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग के निर्देशानुसार, वीडीए कैम्पस में वर्तमान में लगभग 61 कैमरे तथा प्राधिकरण के जोन कार्यालयों में कुल 06 कैमरे लगें हुऐ है। प्राधिकरण मुख्यालय में लगभग 30 कैमरे, जोन-2 में 05 कैमरें, जोन-4 में 05 कैमरे तथा जोन-5 में 03 कैमरें लगायें जोयेंगे। जिनका उद्देश्य सुरक्षा को और सुदृढ़ बनाना है। इन कैमरों को विभिन्न संवेदनशील स्थानों पर तैनात किया जाएगा ताकि क्षेत्र की निगरानी प्रभावी तरीके से की जा सके। कैमरे 24 घंटे एक्टिव रहेंगे और किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर तुरंत कार्रवाई संभव हो सकेगी। इन कैमरों के अलावा, सुरक्षा के अन्य इनपुट जैसे वॉल-प्रोटेक्शन, आपातकालीन सेवाओं की त्वरित उपलब्धता, और अवैध गतिविधियों पर कड़ी नजर रखने के लिए अतिरिक्त इंतजाम किए जाएंगे। सुरक्षा के लिए कड़ी निगरानी के साथ ही आपातकालीन स्थिति में तत्काल मदद की सुविधा सुनिश्चित की जाएगी।

# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com


## हिन्दुस्तान–दि0 21.11.2024

### विकास प्राधिकरण के सात जेई वार्डों में तैनात

वाराणसी। वीडीए प्रशासन ने सात जेई को कार्यप्रणालीमूल्यांकन के बाद जोन में तैनाती दी है। वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग ने बेहतर कार्य करने वाले जेई को सम्मानित किया। प्रिया अग्रहरि को सिकरौल वार्ड, वर्तिका दुबे को सारनाथ वार्ड, रोहित कुमार को कोतवाली वार्ड, राजू कुमार को चौक, वरिष्ठ अवर अभियंता राकेश कुमार सिंह, सोनू कुमार को भेलूपुर वार्ड, आदर्श निराला को नगवा वार्ड तथा अशोक कुमार यादव को मुगलसराय वार्ड में तैनात किया गया है।

### वीडीए परिसर में लगेंगे 45 नए सीसीटीवी कैमरे

वाराणसी। वीडीए मुख्यालय में परिसर में 45 और सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग ने कहा कि यह कैमरे भी 24 घंटे कार्यरत रहेंगे। सुरक्षा को मजबूत करने के साथ अवैध गतिविधियों पर अंकुश के लिए यह निर्णय लिया गया है। कैम्पस में अभी 61 कैमरे लगे हैं।

## ज्ञानशिखा टाइम्स–दि0 21.11.2024

### विकास प्राधिकरण में शासन द्वारा तैनात किये गये 07 अवर अभियन्ता

वाराणसी । विकास प्राधिकरण की कार्यप्रणाली एवं प्राधिकरण द्वारा संपादित कार्यों के तथा अधिनियमों, शासनादेशों, भवन एवं निर्माण



उपविधियों का प्रशिक्षण प्रदान करते हुये दिनांक 18.11.2024 को उनका मूल्यांकन किया गया। मूल्यांकन में अवर अभियंतागण को प्राप्त अंकों के आधार पर आज दिनांक 20.11.2024 को उपाध्यक्ष महोदय द्वारा सुश्री प्रिया अग्रहरी एवं सुश्री वर्तिका दुबे को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सभी 07 अवर अभियन्ताओं को विभिन्न जोन में तैनाती प्रदान की गयी। जोन नम्बर-1 में सुश्री प्रिया अग्रहरी को सिकरौल वार्ड, जोन नम्बर-2 में सुश्री वर्तिका दुबे को सारनाथ वार्ड, जोन नम्बर-3 श्री रोहित कुमार को कोतवाली वार्ड व श्री राजू कुमार को चौक वार्ड जोन नंबर-4 में वरिष्ठ अवर अभियंता श्री राकेश कुमार सिंह के साथ श्री सोनू कुमार अवर अभियन्ता को भेलूपुर वार्ड, श्री आदर्श निराला को नगवॉं वार्ड तथा जोन नम्बर-5 में श्री अशोक कुमार यादव को मुगलसराय वार्ड में तैनात किया गया है।

## ज्ञानशिखा टाइम्स–दि0 21.11.2024

### वाराणसी विकास प्राधिकरण में सुरक्षा बढ़ाने के लिए लगाए जाएंगे 45 नए कैमरे

वाराणसी विकास प्राधिकरण द्वारा आम जनमानस की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए सुरक्षा व्यवस्था में सुधार के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाया जा रहा है। उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग के निर्देशानुसार, वीडीए कैम्पस में वर्तमान में लगभग 61 कैमरे तथा प्राधिकरण के जोन कार्यालयों में कुल 06 कैमरे लगें हुऐ है। प्राधिकरण मुख्यालय में लगभग 30 कैमरे, जोन-2 में 05 कैमरें, जोन-4 में 05 कैमरे तथा जोन-5 में 03 कैमरें लगायें जोयेंगे। जिनका उद्देश्य सुरक्षा को और सुदृढ़ बनाना है इन कैमरों को विभिन्न संवेदनशील स्थानों पर तैनात किया जाएगा ताकि क्षेत्र की निगरानी प्रभावी तरीके से की जा सके। कैमरे 24 घंटे एक्टिव रहेंगे और किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर तुरंत कार्रवाई संभव हो सकेगी। इन कैमरों के अलावा, सुरक्षा के अन्य इनपुट जैसे वॉल-प्रोटेक्शन, आपातकालीन सेवाओं की त्वरित उपलब्धता, और अवैध गतिविधियों पर कड़ी नजर रखने के लिए अतिरिक्त इंतजाम किए जाएंगे। सुरक्षा के लिए कड़ी निगरानी के साथ ही आपातकालीन स्थिति में तत्काल मदद की सुविधा सुनिश्चित की जाएगी।

## जागरूक एक्सप्रेस–दि0 21.11.2024

### सुरक्षा बढ़ाने को वीडीए में लगेंगे 45 नये कैमरे

**वाराणसी।** विकास प्राधिकरण द्वारा आम जनमानस की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए सुरक्षा व्यवस्था में सुधार के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाया जा रहा है। उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग महोदय के निदेर्शानुसार, वीडीए कैम्पस में वर्तमान में लगभग 61 कैमरे तथा प्राधिकरण के जोन कार्यालयों में कुल 06 कैमरे लगें हुऐ है। प्राधिकरण मुख्यालय में लगभग 30 कैमरे, जोन-2 में 05 कैमरें, जोन-4 में 05 कैमरे तथा जोन-5 में 03 कैमरें लगायें जोयेंगे। जिनका उद्देश्य सुरक्षा को और सुद्दढ़ बनाना है।

इन कैमरों को विभिन्न संवेदनशील स्थानों पर तैनात किया जाएगा ताकि क्षेत्र की निगरानी प्रभावी तरीके से की जा सके। कैमरे 24 घंटे एक्टिव रहेंगे और किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर तुरंत कार्रवाई संभव हो सकेगी। इन कैमरों के अलावा, सुरक्षा के अन्य इनपुट जैसे वॉल-प्रोटेक्शन, आपातकालीन सेवाओं की त्वरित उपलब्धता, और अवैध गतिविधियों पर कड़ी नजर रखने के लिए अतिरिक्त इंतजाम किए जाएंगे।

## जनसंदेश टाइम्स–दि0 21.11.2024

# वीडीए की और बढ़ाई जायेगी सुरक्षा लगाए जाएंगे 45 नए सीसीटीवी कैमरे

जनसंदेश न्यूज

वाराणसी। आम जनमानस के सुरक्षा को प्राथमिकता देने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाने का हवाला देने के नाम पर वीडीए की और अधिक नये सीसीटीवी कैमरा लगाये जाने की व्यवस्था लोगो को समझ के परे हैं। लोगो का कहेना है कि मंगलवार को क्लर्क की रिश्वत की घटना के बाद वीडीए को नये कैमरा लगाने की क्यो सोच आया हैं.। लोगो की माने तो वीडीए को कैमरे लगाने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाने है तो विभाग की कार्यशैली को अधिक पार्दशिता बनाने और अधिकारियों की विशेष निगरानी के साथ उन पर नकेल रखने के लिए नये कैमरे लगाये जाय तो बेहतर होगा। विभाग ने वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग के निर्देश पर और नये 45 नये सीसीटीवी कैमरे लगाये जाने का निर्णय लिया हैं। जिसमें वीडीए कैम्पस में वर्तमान में जहां 61 कैमरे लगाये गये हैं ,वही प्राधिकरण के जोन कार्यालयों में कुल 06 कैमरे लगें हुऐ है। इसके अलावा प्राधिकरण मुख्यालय की लगभग 30 कैमरो की निगाहबानी में होगी जबकि जोन-2 की 05 कैमरे और जोन-चार 05 कैमरो की जद में हैं। तथा जोन-5 में 03 कैमरें लगायें जोयेंगे। विभाग कर कहना है कि कैमरे 24 घंटे एक्टिव रहेंगे। किंसी भी संदिग्ध गतिविधि पर तुरंत कार्रवाई संभव हो सकेगी। इन कैमरों के अलावा, सुरक्षा के अन्य इनपुट जैसे वॉल-प्रोटेक्शन, आपातकालीन सेवाओं की त्वरित उपलब्धता, और अवैध गतिविधियों पर कड़ी नजर रखने के लिए अतिरिक्त इंतजाम किए जाएंगे। सुरक्षा के लिए कड़ी निगरानी के साथ ही आपातकालीन स्थिति में तत्काल मदद की सुविधा सुनिश्चित की जाएगी।

**अब क्यों**

**आमजन की सुरक्षा को प्राथमिकता देने का हवाला देना समझ के परे**

**क्लर्क की रिश्वत की घटना के बाद क्यो आई सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाये जाने की सोच**



## परफेक्ट मिशन–दि0 21.11.2024

# वीडीए सचिव ने साप्ताहिक समीक्षा बैठक में जोनल अधिकारियों से जानी प्रगति

## शिकायतों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण हो निस्तारण : डॉ वेद प्रकाश मिश्रा

❑ सचिव ने कार्य प्रणाली पर नाराजगी जाहिर करते हुए तीनों जोन के जोनल व जेई का नवम्बर माह का वेतन रोकते हुये कारण बताओ नोटिस जारी की

परफेक्ट मिशन



वाराणसी। वाराणसी विकास प्राधिकरण के सभागार में बुधवार को सचिव डॉ वेद प्रकाश मिश्रा की अध्यक्षता में जोन-3, जोन-4, जोन-5 से सम्बंधित शमन मानचित्र निस्तारण, बकाया व जमा, शिकायत निस्तारण, प्रवर्तन कार्यवाही इत्यादि की साप्ताहिक समीक्षा बैठक की गयी। जिसमे सील भवनों में हो रहे निर्माण कार्य को बंद कराने, बेसमेंट को खाली कराये जाने के संबंध में, अवैध प्लोटिंग का ध्वस्तीकरण कराने सहित मुकदमा दर्ज कराने, अवैध पेट्रोल पम्प की जाँच करने एवं उनका मानचित्र स्वीकृति हेतु अभियान चलाने व क्षेत्रान्तर्गत हो रहे अवैध निर्माणों के सापेक्ष अधिक संख्या में शमन मानचित्र दाखिल कराने का निर्देश दिया गया। शमन मानचित्र के सापेक्ष आलोच्य सप्ताह में क्रमशः जोन-3 में 6 , जोन-4 में 3, जोन-5 में 2 मानचित्र स्वीकृत किये गये द्य जमा शमन शुल्क के मद में क्रमशः जोन-3 में 8 लाख 19 हजार 221 रु0 जमा कराया गया है, जोन-4 में 9 लाख 75 हजार 338 रु0 जमा कराया गया है तथा जोन-5 में 17 लाख 46 हजार664 रु0 प्राधिकरण कोष में जमा कराया गया है द्य सचिव ने नाराजगी व्यक्त करते हुये तीनों जोन के जोनल व जेई का नवम्बर माह का वेतन रोकते हुये कारण बताओ नोटिस जारी करने के लिये निर्देशित किया, वह अपने-अपने क्षेत्र में सभी पेट्रोल पम्प का सर्वे के बाद यदि स्वीकृत नक्शा नहीं है तो सुसंगत धारा के अंतर्गत प्रभावी कार्यवाही की जाये तथा शिकायतों के समबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाये।

बैंठक के दौरान अधिकारी (जोन-3) सौरभ देव प्रजापति, जोनल अधिकारी (जोन-4) प्रमोद कुमार तिवारी, जोनल अधिकारी(जोन-5) श्री प्रकाश कुमार , अवर अभियंता (जोन-4) आर0 के0 सिंह (जोन-5) पी0 एन0 दुबे0 उपस्थित रहे।

### वीडीए प्रवर्तन टीम ने अवैध निर्मित तीन रो हाउस को किया सील



वाराणसी। वीडीए उपाध्यक्ष के निर्देश के क्रम में वाराणसी विकास प्राधिकरण, वाराणसी जोन-1 की प्रवर्तन टीम द्वारा अवैध निर्माण के विरूद्ध सील की कार्यवाही की गयी।

सोशल मिडिया पर प्रकाशित विज्ञापन को संज्ञान में लेते हुए बुधवार को वार्ड-शिवपुर के अन्तर्गत विकास वर्मा द्वारा मौजा कोइराजपुर, मंगारी जाने वाले मार्ग पर लगभग 50×60 के क्षेत्रफल में 3 रो हाउस का निर्माण कर फिनिशिंग का कार्य किए जाने पर उत्तर प्रदेश नगर नियोजन एवं विकास अधिनियम की सुसंगत धाराओं के अंतर्गत उक्त स्थल को सील कर थाना-बड़ागॉव की पुलिस अभिरक्षा में सौंप दिया गया। जोनल अधिकारी सिंह गौरव जयप्रकाश अवर अभियंता विजय सिंह मौजूद रहे।

दैनिक मान्यवर–दि0 21.11.2024

## सोशल मीडिया के जरिये अवैध निर्माण की मिली जानकारी, विकास प्राधिकरण ने किया सील

वाराणसी। अवैध निर्माण पर विकास प्राधिकरण सख्त है। वीडीए प्रवर्तन दल ने बुधवार को कोइराजपुर में निमार्णाधीन साइट को सील करा दिया। सोशल मीडिया पर निर्माण कार्य के विज्ञापन के जरिये प्राधिकरण को इसकी जानकारी मिली। कार्रवाई से निर्माणकताओं में खलबली मची रही। प्राधिकरण ने सोशल मीडिया पर अवैध निर्माण से संबंधित विज्ञापन का संज्ञान लिया। इसकी जांच कराई गई तो अवैध निर्माण की पुष्टि हुई। शिवपुर के कोइराजपुर इलाके में मंगारी मार्ग पर विकास वर्मा द्वारा लगभग 50'60' क्षेत्र में 3 रो हाउस का निर्माण कराया जा रहा था। बिना स्वीकृत मानचित्र के फिनिशिंग का कार्य होते देख, इसे उत्तर प्रदेश नगर नियोजन एवं विकास अधिनियम के तहत सील कर दिया गया। स्थल को सील करने के बाद इसे थाना बड़ागांव पुलिस की अभिरक्षा में सौंप दिया गया। जोनल अधिकारी गौरव



सिंह और अवर अभियंता विजय सिंह की मौजूदगी में कार्रवाई की गई। उपाध्यक्ष ने लोगों से अपील किया कि किसी भी प्रकार का निर्माण कार्य शुरू करने से पहले प्राधिकरण से मानचित्र स्वीकृत कराएं। बिना स्वीकृति निर्माण कराने पर कठोर कार्रवाई की जाएगी।

दैनिक मान्यवर–दि0 21.11.2024

## वाराणसी विकास प्राधिकरण में 7 अवर अभियंताओं को तैनाती, प्रिया अग्रहरी और वर्तिका दुबे को मिला प्रशस्ति पत्र

वाराणसी। वाराणसी विकास प्राधिकरण (वीडीए) में प्रशिक्षण प्राप्त 7 अवर अभियंताओं को विभिन्न जोनों में तैनात किया गया। यह तैनाती 18 नवंबर को आयोजित प्रशिक्षण और मूल्यांकन के आधार पर की गई। इस अवसर पर प्राधिकरण के उपाध्यक्ष ने प्रिया अग्रहरी और वर्तिका दुबे को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रशस्ति पत्र प्रदान किया। प्रशिक्षण के दौरान अवर अभियंताओं को वाराणसी विकास प्राधिकरण की कार्यप्रणाली, अधिनियमों, शासनादेशों, भवन और निर्माण उपविधियों के साथ-साथ संपादित कार्यों की जानकारी प्रदान की गई। प्रिया अग्रहरी और वर्तिका दुबे को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया, जिससे अन्य अभियंताओं को भी प्रेरणा मिली। यह तैनाती वाराणसी विकास प्राधिकरण के विभिन्न जोनों में प्रशासनिक कार्यों को सुचारू रूप से संचालित करने में सहायक होगी।

जनवार्ता–दि0 21.11.2024

## वीडीए में सुरक्षा को लगेंगे 45 नए कैमरे




वाराणसी (जनवार्ता)। विकास प्राधिकरण द्वारा सुरक्षा व्यवस्था में सुधार के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाया जा रहा है। उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग के निदेर्शानुसार, वीडीए कैम्पस में वर्तमान में लगभग 61 कैमरे तथा प्राधिकरण के जोन कार्यालयों में कुल 6 कैमरे लगें हुऐ है। प्राधिकरण मुख्यालय में लगभग 30 कैमरे, जोन-2 में 05 कैमरें, जोन-4 में 05 कैमरे तथा जोन-5 में 03 कैमरें लगाये जायेंगे। जिनका उद्देश्य सुरक्षा को और सुदृढ़ बनाना है।

**एक लिपिक के रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़े जाने के बाद उठा कदम**

इन कैमरों को विभिन्न संवेदनशील स्थानों पर तैनात किया जाएगा ताकि क्षेत्र की निगरानी प्रभावी तरीके से की जा सके। कैमरे 24 घंटे एक्टिव रहेंगे और किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर तुरंत कार्रवाई संभव हो सकेगी। ज्ञातव्य है कि मंगलवार को एक लिपिक रिश्वत लेते रंगे हाथ दबोचा गया था।